# मंत्रिमंडल ने 9 साल बाद सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति को मंज़ूरी दी

## चर्चा में क्यों?

**मध्य प्रदेश** मंत्रिमंडल ने हाल ही में **मध्य प्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025** को **मंज़ूरी** दी है, जो **नौ वर्षों** में **सरकारी कर्मचारियों** के लिये **पहला पदोन्नति अवसर** है।

- **मंत्रिमंडल** द्वारा **अनुमोदित** अन्य प्रमुख पहलों में **नए** आंगनवाड़ी **केंद्रों का निर्माण**, मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के लिये पूंजी परियोजनाएँ और नवगठित ज़िलों में **ज़िला कोषागारों की स्थापना** शामिल हैं।

## मुख्य बिंदु

- **मध्य प्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025**:
  - इस कदम का उद्देश्य **आरक्षित श्रेणियों** के लिये **उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित** करना है और **योग्यता आधारित पदोन्नति** तथा **नई नौकरी रिक्तियों** के प्रावधानों के साथ **प्रशासनिक चुनौतियों** का समाधान करना है।
  - ये नियम **पदोन्नति प्रक्रिया** में अनुसूचित जनजातियों (ST) और अनुसूचित जातियों (SC) के लिये **उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित** करने पर **केंद्रित** हैं।
  - नये नियमों में **अनुसूचित जनजातियों (ST)** के लिये **20%** और **अनुसूचित जातियों (SC)** के लिये **16%** आरक्षण की **गारंटी** दी गई है।
  - **पदोन्नति योग्यता, वरिष्ठता और उपयुक्तता** के **संयोजन** पर आधारित होगी, जिसमें **प्रथम श्रेणी** तथा **चतुर्थ श्रेणी** के कर्मचारियों के लिये **स्पष्ट प्रावधान** होंगे।
  - लगभग **2 लाख नए पद सृजित किये जाएंगे** जिससे **प्रशासनिक दक्षता** बढ़ेगी।
- **जनजातीय क्षेत्रों में आंगनवाड़ी केंद्र और कार्यकर्त्ता**:
  - **मंत्रिमंडल** ने PM-जनमन योजना के तहत **विशेष जनजातीय क्षेत्रों** में **459 नए आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थापना** को **मंज़ूरी** दी।
  - इस पहल की **अनुमानित लागत 143.46 करोड़ रुपए** है, जिसमें **केंद्र सरकार 72.78 करोड़ रुपए** तथा **राज्य सरकार 70.68 करोड़ रुपए** का **योगदान** देगी।
- **विद्युत पारेषण के लिये पूंजीगत परियोजनाएँ**:
  - मंत्रिमंडल ने **मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (MPPTCL)** की चालू एवं आगामी पूंजीगत परियोजनाओं के लिये वर्ष 2025-26 से 2029-30 की अवधि के लिये 5,163 करोड़ रुपए के व्यय को मंज़ूरी दी।
  - प्रमुख आवंटनों में ट्रांसमिशन प्रणालियों के निर्माण और उन्नयन, सिंहस्थ-2028 के लिये विद्युत अवसंरचना तथा मौजूदा ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि के लिये वित्तपोषण शामिल है।
- **नवगठित ज़िलों में ज़िला कोषागार**:
  - मंत्रिमंडल ने **नवगठित ज़िलों- पांढुर्ना, मैहर और मऊगंज** में **ज़िला कोषागारों की स्थापना** को मंज़ूरी दी, जिससे स्थानीय शासन तथा प्रशासनिक कार्यों को मज़बूती मिलेगी।

## KEY DECISIONS & ALLOCATIONS

- The cabinet approved **establishment, operation, and construction of 459 new anganwadi centres** in special tribal areas under the PM-JANMAN scheme
- Approval also given to create **459 honorary posts for anganwadi workers, another 459 posts for anganwadi helpers,** and **26 regular supervisory posts**
- Cabinet also approved a **total estimated expenditure** of **₹5,163 crore for ongoing and upcoming capital projects of Madhya Pradesh Power Transmission Company Limited** (MPPTCL) for the period 2025–26 to 2029–30
- **₹1,154 crore for construction & upgradation of transmission systems** approved by the central transmission unit
- **₹185 crore for power infrastructure** for Simhastha-2028
- **₹54 crore for new EHV (Extra High Voltage) lines for uninterrupted power** to Morena Division HQ and northern Gwalior
- **₹1,280 crore for capacity enhancement** of existing EHV transformers
- The cabinet approved the **establishment of district treasuries** in the newly formed districts of **Pandhurna, Maihar, and Mauganj**

**₹1,015cr for construction of new extra-high-voltage substations**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cabinet-approves-promotion-for-govt-employees-after-9-years